दैनिक

# क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 04
अंकः-50
मुरादाबाद
10 June 2024
(Monday)
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया


भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


# PM मोदी ने तीसरी बार शपथ ली; अन्य मंत्रियों ने भी ली पद-गोपनीयता की शपथ

नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। प्रधानमंत्री मोदी और उनकी कैबिनेट में शामिल होने वाले भावी मंत्रियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पद और गोपनीयता की शपथ दिला रही हैं। प्रधानमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में शरीक होने कई देशों के शासनाध्यक्ष भी भारत आए हैं। पीएम मोदी के बाद राजनाथ सिंह ने शपथ ली।प्रधानमंत्री मोदी राष्ट्रपति भवन के लिए तैयार मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ उनके मंत्रिपरिषद सहयोगी मौजूद हैं।पूर्व कोविंद और ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास भी शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे। उनके अलावा उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी पहुंचे हैं।भारत के साथ रिश्तों में तल्खी को लेकर सुर्खियों में रहे राष्ट्राध्यक्ष भी आज भारत के राजकीय अतिथि हैं। शपथ ग्रहण समारोह में मालदीव के राष्ट्रपति राष्ट्रपति भवन पहुंच चुके हैं।शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, अंबानी भी पहुंचे हैं। इनके अलावा सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ भी पहुंचे हैं। उनके विदेशी मेहमान भी राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में अपना स्थान ग्रहण कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी के समारोह में फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज भी पहुंचे हैं। अभिनेत्री और हिमाचल से सांसद चुनी गईं कंगना रजनीकांत, बॉलीवुड के बादशाह कहे जाने वाले शाहरुख खान, मेसी और निर्माता राजकुमार हिरानी भी शपथ ग्रहण में शामिल मोदी के बाद सबसे पहले राजनाथ सिंह को शपथ दिलाई जा बाद अमित शाह, नितिन गडकरी और जेपी नड्डा की कुर्सियां मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। राजनाथ सिंह, अमित शाह से लेकर जयशंकर और निर्मला एक बार फिर मंत्री पद की शपथ ली। इसके अलावा जेडीएस हम के जीतनराम मांझी ने भी शपथ ली। मोदी सरकार के तीसरे शपथ ग्रहण जारी है। शपथ ग्रहण में प्रधानमंत्री मोदी के बाद राजनाथ सिंह ने शपथ ली बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार हुए सांसदों के लिए दिल्ली में रात्रिभोज का आयोजन किया है। प्रधानमंत्री मोदी के शपथग्रहण समारोह के बाद सभी नेता रात





पहुंचे। शपथ ग्रहण राष्ट्रपति रामनाथ जम्मू-कश्मीर के मालदीव के मोहम्मद मुइज्जू भी उद्योगपति मुकेश अलावा तमाम शपथ ग्रहण रणौत, अभिनेता अभिनेता विक्रांत होने पहुंचे हैं।पीएम सकती है। उनके रखी गई हैं। नरेंद्र उनके बाद सीतारमण ने भी के कुमारस्वामी, कार्यकाल का दूसरे नंबर पर को एनडीए के जीते रविवार शाम में कई प्रकार के

व्यंजनों का लुत्फ उठाएंगे।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नई दिल्ली में एनडीए के जीते हुए सांसदों के लिए रविवार को रात्रि भोज का आयोजन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह के बाद सभी सांसदों को विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे जाएंगे। जिससे उन्हें गर्मी से भी राहत मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार



### द्वारका जिले में समुद्र तट पर 16 करोड़ रुपये का चरस मिला, अधिकारी बोले- समुद्र से बहकर आया

देवभूमि द्वारका के पुलिस अधीक्षक नितेश पांडे ने कहा कि तट पर गश्त के दौरान, स्थानीय पुलिस और विशेष अभियान समूह ( एसओजी ) के कर्मियों को दो रात पहले वरवाला के पास प्लास्टिक के तीन बोरे मिले, जिनमें चरस के 30 पैकेट थे।गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में समुद्र तट पर 16 करोड़ रुपये मूल्य के चरस के लावारिस पैकेट जब्त किए गए है। एक अधिकारी ने बताया कि वरवाला के पास तट पर मादक पदार्थ से भरे तीन बोरे मिले। देवभूमि द्वारका के पुलिस अधीक्षक नितेश पांडे ने कहा, तट पर गश्त के दौरान, स्थानीय पुलिस और विशेष अभियान समूह ( एसओजी ) के कर्मियों को दो रात पहले वरवाला के पास प्लास्टिक के तीन बोरे मिले, जिनमें 30 पैकेट थे।उन्होंने कहा कि सत्यापन के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला ( एफएसएल ) के अधिकारियों को बुलाया गया और पता चला कि पैकेटों में 32 किलोग्राम चरस है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 16 करोड़ रुपये है। उन्होंने बताया कि द्वारका पुलिस थाने में स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि मादक पदार्थ गहरे समुद्र से बहकर आया था।

## राज्यपाल-सीएम ने बिरसा मुंडा को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि, कहा- भावी पीढ़ियों के लिए रहेंगे आदर्श

झारखंड में आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके बलिदानों को याद किया गया।झारखंड में आदिवासी नेता बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके बलिदानों को याद किया गया।रविवार को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने आदिवासी नेता बिरसा मुंडा को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। 15 नवंबर, 1875 को झारखंड में जन्मे मुंडा ने अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी विद्रोह का नेतृत्व किया



था। 9 जून, 1900 को हिरासत में रहते हुए 25 वर्ष की आयु में उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि बलिदानों से भरा बिरसा मुंडा का जीवन राष्ट्र सेवा का एक अद्वितीय उदाहरण है। उन्होंने यह भी कहा कि स्वतंत्रता संग्राम से बहुत पहले ब्रिटिश सेना के खिलाफ लड़ाई में 卐धरती आबा卐 ( भूमि के पिता ) द्वारा दिखाया गया पराक्रम और साहस अनुकरणीय है। वहीं झारखंड के राज्यपाल ने लिखा 卐देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी और जननेता भगवान बिरसा मुंडा जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि। महान क्रांतिकारी, माटी के पिता, आदिवासी गौरव, भगवान बिरसा मुंडा जी का बलिदानपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा का एक अनूठा उदाहरण है। उन्होंने कहा, मातृभूमि की रक्षा के लिए उनका अटूट साहस और संघर्ष हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। राज्यपाल राधाकृष्णन ने राजभवन, बिरसा मुंडा मेमोरियल पार्क और संग्रहालय, बिरसा चौक और यहां कोकर स्मारक में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने एक्स पर लिखा, भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर, मुझे राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन जी के साथ धरती आबा को श्रद्धांजलि अर्पित करने का सौभाग्य मिला है। अंग्रेजों के अत्याचार, शोषण और दमन के खिलाफ उलगुलान ( क्रांति ) का नेतृत्व करने वाले धरती आबा के आदर्श आने वाली पीढ़ियों को हमेशा देशभक्ति और अन्याय के खिलाफ संघर्ष का मार्ग दिखाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी। जंगल, जमीन और पानी की रक्षा के लिए उलगुलान का नेतृत्व किया। मुख्यमंत्री ने कहा, हमारी सरकार आपके आदर्शों और अबुआ दिशोम, अबुआ राज ( हमारा देश, हमारा राज्य ) के सपने को साकार करने का प्रयास कर रही है।

## ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं... शपथ ग्रहण के पहले मोदी सरकार पर अखिलेश ने कसा तंज

मोदी सरकार के शपथ ग्रहण से पहले सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तंज कसा है। उन्होंने दो लाइनों के माध्यम से शपथ लेने वाली सरकार पर तंज कसा है।यूपी में समाजवादी पार्टी के ऐतिहासिक प्रदर्शन करने के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का आत्मविश्वास बढ़ा हुआ है। अब वो खुलकर अपनी आगे की योजनाओं पर चर्चा कर रहे हैं और भाजपा को निशाने पर ले रहे हैं। सपा लोकसभा चुनाव में यूपी में सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और सभी को चौंकाते हुए 37 सीटों पर जीत दर्ज की है जबकि भाजपा यूपी में 33 सीटें जीती हैं। चुनाव के





पहले भाजपा प्रदेश की सभी 80 सीटों पर जीत का दावा कर रही थी।रविवार को एनडीए सरकार जिसे मोदी 3.0 भी कहा जा रहा है के शपथ ग्रहण से पहले उन्होंने तंज कसा और शपथ लेने वाली सरकार को अधर में अटकी हुई करार दिया है। अखिलेश ने सोशल साइट एक्स पर लिखा है कि ऊपर से जुड़ा कोई तार नहीं, नीचे कोई आधार नहीं... अधर में जो है अटकी हुई वो तो कोई 'सरकार' नहीं।बता दें कि नरेंद्र मोदी आज तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे साथ ही उनके मंत्रिपरिषद के सहयोगी भी शपथ लेंगे। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें प्राप्त हुई हैं और भाजपा लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार नहीं बना सकी। हालांकि, एनडीए की कुल सीटें बहुमत से ज्यादा हैं। ऐसे में इसे एनडीए सरकार की कहा जा रहा है। अखिलेश यादव ने 2027 का बनाया लक्ष्य- इसके पहले, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को नवनिर्वाचित सांसदों के साथ बैठक की और कहा कि हमें जनता से जुड़े रहना है। हमें उनकी आवाज उठाते रहना होगा। अखिलेश यादव ने यूपी में 2027 के विधानसभा चुनाव जीतने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि हमने जनता के मुद्दे उठाए। जनता ने हमें समझा। पार्टी को बड़े पैमाने पर जनता का समर्थन मिलने से हमारी जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है।

# संपादकीय Editorial

## Why is Lord Ram angry with BJP?

Why did the Ram temple in Ayodhya not help the BJP in the elections? Why did the Ram temple not become the main issue of the 2024 general elections? Is Lord Ram angry with the BJP? The ceremony of consecration of the idol of Shri Ram was scheduled for January 22, 2024 with the aim that the Ram temple will remain a major issue till the elections and polarization will take place in view of that. The BJP will benefit electorally. Whoever organized the consecration of the Ram temple on the surface, its mastermind, the first host, was Prime Minister Modi. The focus was on him. Like a Ram devotee, walking on foot and carrying the aarti thali, the Prime Minister went to the Ram idol. All the rituals of worship were performed. After that event, instructions were given to the booth level cadre to bring the devotees to Ayodhya, so that they can easily have darshan of Lord Ram. The double engine governments of the BJP had spent more than Rs 70,000 crore on the revival, development and expansion of Ayodhya. The face of Ayodhya changed, but the voters of Ayodhya defeated BJP candidate Lallu Singh by more than 54,000 votes. Lallu Singh was elected as the MP of Ayodhya (Faizabad) twice in a row in 2014 and 2019. Not only this, 26 Union Ministers also lost the election. Union Ministers like Smriti Irani, Mahendra Pandey, Kaushal Kishore, Sadhvi Niranjan Jyoti, Ajay Mishra, Bhanu Pratap Verma etc. were elected as MPs from UP. This time BJP was defeated in 4-5 other parliamentary constituencies around Ayodhya. BJP's vote percentage decreased from 50 percent to 41 percent and it slipped down to 29 seats, while SP's vote percentage jumped from 18.11 percent to 33.5 percent. SP's 32 seats increased in this election itself. Congress also got 6 MPs, which has only 2 MLAs. Why did Lord Ram get upset with BJP so suddenly? Experts believed that BJP could win more than 70 out of 80 seats. It was because of UP that BJP failed to get a clear majority in the Lok Sabha. The question is whether the misleading issues like changing the constitution, ending democracy, ending the reservation system proved so effective that even Ram bhakts rejected BJP and voted for the party whose Chief Minister had ordered the killing of Ram bhakts and kar sevaks by firing bullets at them. Former Ayodhya (Faizabad) MP Lallu Singh had also given a statement that BJP needs 400 seats so that the desired changes can be made in the constitution. The opposition alliance 'India' misinterpreted it that BJP wants to change the constitution itself. If the constitution is changed, the reservation system will also end. This had a tremendous impact on Dalits, tribals, OBCs and despite being Ram bhakts, they mobilized and voted against BJP. The polarization of votes was such that Prime Minister Modi won from Varanasi seat by just over 1.52 lakh votes. In 2019, he had won by more than four lakh votes. Prime Minister Modi kept assuring the public throughout the election that now even Baba Ambedkar cannot change the constitution. India is the world's largest democracy and will remain so in future, but the opposition's allegations had a great impact on the reserved class. There must have been some local issues of Ayodhya, adequate compensation must not have been given for the acquired land, as a result the reaction went against the BJP and the election results are in front of us. Still, the BJP alone has won 240 seats in the Lok Sabha, which is an unprecedented mandate. In 1985, the country gave a mandate of 404 seats in favor of the Congress, after which no party has been able to win more than 232. Ayodhya is the most important political land for the BJP, of course the party continues to consider it as 'faith'. The BJP will definitely think about Ayodhya.

# Lok Sabha elections: If it remains the B-team of regional parties, then the path of Congress will be difficult even in 2029

**Congress got 44 seats in 2014 and 52 seats in 2019. This time its seats have increased, but except Punjab (7) and Kerala (13), Congress has not been able to become the largest party in any state on its own strength. In the Hindi belt, Congress has remained a B-partner for years.**

The picture of the Lok Sabha is now absolutely clear. The Bharatiya Janata Party under the leadership of Narendra Modi has emerged as the largest party with 240 seats, while the Congress under the leadership of Rahul Gandhi has won 99 seats and is at number two. Most of the remaining seats have gone to the account of regional parties. It is almost clear that the National Democratic Alliance (NDA) under the leadership of Narendra Modi will remain in power for the next five years. Looking at the current performance, it seems a bit difficult to see any possibility for Congress in the year 2029, because the seats of Congress have increased, but it is behind in direct competition with BJP. Even today, in many states, Congress remains the B-team of regional parties, while BJP has now become a pan-India party. In states like Punjab and Tamil Nadu, BJP is running alone, leaving its A-partner. In Odisha, it is forming the government in the state, leaving Biju Janata Dal. Let us first talk about Congress. In the year 2014, Congress got 44 seats and in the year 2019, it got 52 seats. This time its seats have increased, but except Punjab (7) and Kerala (13), Congress has not been able to become the largest party in any state on its own strength. In the Hindi belt, Congress has remained a B-partner for years. In Bihar, Congress has got three seats due to Rashtriya Janata Dal (RJD) and in Uttar Pradesh, six seats due to Samajwadi Party (SP). In Maharashtra, Congress has certainly won the maximum 13 seats, but here too it had an alliance with Sharad Pawar and Uddhav Thackeray. In the states where Congress fought alone, it either lagged behind BJP or remained equal. In Rajasthan, where there was a direct competition with BJP, Congress got 8 seats (BJP got 14), Karnataka got 9 (BJP got 17), Assam got 3 (BJP got 9), Haryana got 5 (BJP got 5), Telangana got 8 (BJP got 8) seats. Congress's account was not opened in states like Jammu and Kashmir, Delhi, Himachal Pradesh, Uttarakhand, Tripura, Arunachal Pradesh, Mizoram, Madhya Pradesh, Andhra Pradesh. Congress got only 1 seat each in Gujarat, Odisha, Chhattisgarh, while it got 2 seats in Jharkhand. Congress has got 13.7 crore (21.19 percent) votes in this election across the country, which is much less than BJP. BJP has got 23.6 crore (36.56 percent) votes in the country. Talking about the performance of BJP in the Lok Sabha elections, the party had 303 seats in the year 2019, which was its best performance till date. In this election, the party has won 208 out of these 303 seats again, that is, it has regained 68 percent of its seats. There were 33 seats in the country where BJP candidates got only 6 lakh votes less than the winning candidates, like in Chandigarh the party lost by only 2504 votes. Compared to the year 2019, the party won 32 new seats and became a pan India party. BJP has won 12 seats in Odisha, 4 in Telangana, 3 in Maharashtra, 3 in Andhra Pradesh, 2 in West Bengal, 1 in Bihar, 1 in Dadra Nagar Haveli, 1 in Chhattisgarh, 1 in Andaman and Nicobar, 1 in Uttar Pradesh, 1 in Madhya Pradesh, 1 in Karnataka and 1 in Kerala. BJP's performance was not good in Uttar Pradesh, Maharashtra, West Bengal and Rajasthan. If the party had repeated its previous performance in these states, it would have had more than 300 seats. Although the party has won all 29 seats in Madhya Pradesh, the vote percentage has decreased. In Gujarat, the party has won 25 out of 26 seats, but the vote percentage has fallen. In Rajasthan, the party could win only 14 out of 25 seats this time and its vote percentage has fallen. In West Bengal, the party could win only 12 out of 42 seats. In Maharashtra, the party had won 23 seats in the last election, but this time it was reduced to only 9 seats. If the party had not won 20 out of 21 seats in Odisha, 10 out of 11 in Chhattisgarh, all 7 in Delhi, all 5 in Uttarakhand, all 4 seats in Himachal Pradesh, then it would have been difficult to get 200 seats. In this election, BJP had a direct contest with Congress on 92 seats, out of which BJP managed to win 50 seats. There is a perception that BJP does not get seats and votes in the states of South India, but this time BJP has got more votes than Congress in the South. BJP secured 3,94,65,778 votes in the southern states, while Congress got 3,91,65,682 votes. There are 131 seats in the south. Here Congress contested on 94 seats and BJP on 88 seats. In a state like Tamil Nadu, BJP may not have won a single seat, but the party got 18 percent votes, which is 11 percent more than the last election. BJP also fought alone in Punjab. Although it did not get a single seat, the party was ahead in 23 assembly seats. In Punjab, Congress got a lead in 38 assembly seats, Aam Aadmi Party got a lead in 32 assembly seats and Shiromani Akali Dal got a lead in 9 assembly seats. If Congress has to return to power after five years, then it will have to win the states of North India on its own. Forming a B-team in states like Uttar Pradesh, Bihar, Tamil Nadu will not work. Those big states and those with direct contest will not be able to win. It can return to power only by defeating BJP in the states. BJP has learnt big lessons from this election. If it corrects its mistakes, it can return to power after five years. The next five years are going to be very important for both the big parties of the country.

# Social Media: Stars are people amongst us, the era of influence will continue...but there are some concerns too

**Since there is enough potential in the internet market in India, this era of social media influencers will continue, but there are some concerns too.** Five years ago, no one had even thought that a time would come when you would do a lot and earn money even without doing anything. Whether it is about travel or food or fashion, big companies of India and abroad are paying people who have more followers on the internet to advertise their products and are also bearing their expenses. The special thing about the internet world is mobility. The new becomes old very quickly and the doors of new possibilities open. New features are being added to social media platforms. The purpose of this exercise is to keep the audience connected to their platform for a longer time. A big reason is also the income generated by the internet. Apart from this, social media is turning people into celebrities overnight, with sites like Facebook, Instagram and YouTube playing a major role in this. According to the latest report by valuation consultancy firm Kroll, one-third of Indian brands have doubled their influencer marketing spending in a year. The Corona pandemic has inspired a large amount of digitization. The social media content creator industry in India is growing at a rate of 25 percent, which is expected to reach $290.3 million by 2025. Social media influencers are now becoming an accessible way to reach a large audience at a low cost. Today, there are about 80 million content creators



in India. Research by digital marketing agency I Cubes Wire shows that about 35 percent of customers' purchasing decisions are being taken by watching social media influencer posts, reels and videos. Social media users are taking advantage of their large fan following as 'social media influencers' and it is rapidly emerging as a new medium of advertising. Social media is making ordinary internet users stars. Social media influencers have emerged as a major tool for promotion of individuals and brands. Social media is an unconventional medium of advertising, which is different from all other media. It creates a virtual world, the user of which can reach any internet connected person using any platform of social media etc. A social media influencer is a common person who has many followers on various platforms. He uses his popularity to advertise various types of products. The return on investment in this is higher than other advertising mediums. Millions of youth of the country are looking at social media influencers as a better career option. While social media influencers are creating a new dimension in the world of advertisements, they are also eliminating celebrity status in advertisements, where people among us are becoming stars. Since there is enough potential in the internet market in India, this era of social media influencers will continue for now, but there are some concerns too. India's influencer marketing industry needs regulation, so that misrepresentation of facts can be avoided. In January 2023, the Ministry of Consumer Affairs of India issued guidelines for this and declared that such guidelines are necessary to protect consumer interests. Celebrities advertising on social media will also be covered under this. Influencers will have to pay a fine of up to Rs 10 lakh for misleading advertisements and not following the regulatory guidelines. A fine of up to Rs 50 lakh will have to be paid for continuous contempt. Also, the endorser can be barred from doing any kind of endorsement for two to six months. Action can also be taken to block the concerned platform. Social media influencers need to be self-regulated so that they can participate in policy making, so that there is a positive impact on this industry. People's fascination with the players and cine stars involved in traditional advertisements has not diminished completely, but it has definitely started. Time has to decide who will win in the battle between these two.

## दवा लेने जा रही शिक्षिका की स्कूटी में रोडवेज बस ने मारी टक्कर, मौके पर ही मौत




♦ प्राथमिक विद्यालय मूंढपांडे में सहायक अध्यापक थीं गीता मिश्र, सुगर की दवा लेने निकली थीं, मुधबनी पार्क के सामने रोडवेज बस ने पीछे से स्कूटी में मारी ठोकर, सड़क पर गिरने से फटा सिर

मुरादाबाद- भाई के साथ दवाई लेने जा रही शिक्षिका की स्कूटी में रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी। महिला स्कूटी से उछल कर स्कूटी के आगे आकर सड़क पर गिर गई। उसका सिर फट गया। स्कूटी गिरने से उनके भाई के पैरों में चोट आई है, जबकि शिक्षिका की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर काफी जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। गनीमत रही ट्रैफिक व सिविल पुलिस के जवानों ने स्थिति को संभाल लिया और हादसे में शामिल बस को भी रोक लिया था। घटना रविवार दोपहर कांठ रोड पर मधुबनी पार्क के सामने हुई। धामपुर डिपो की बस मुरादाबाद में आकर रोडवेज बस की तरफ जा रही थी। उधर, सोनकपुर स्टेडियम के सामने भारत गैस एजेंसी वाली निवासी गीता मिश्रा पत्नी अजय शंकर मिश्र अपने तेहरे भाई सुनील गोयल के साथ डॉक्टर के यहां जा रही थीं। उन्हें सुगर की समस्या थी। इसी दौरान हादसा हुआ। सुनील गोयल ने बताया कि वह स्कूटी चला रहे थे और उनकी बहन पीछे सीट पर बैठी थी। उसी दौरान धामपुर डिपो पीछे से तेज रफ्तार से आ रही थी और उसने उनकी स्कूटी में पीछे से ठोकर दी।इससे स्कूटी तेजी से आगे बढ़ी और गीता मिश्रा पीछे की सीट से उछलकर सामने सड़क पर आ गिरीं। स्कूटी भी अनियंत्रित होकर गिरकर सड़क पर फिसल गई। इस कारण उनके भी हाथ-पैरों में चोट लग गई। गीता मिश्रा मूंढपांडे प्राथमिक विद्यालय में सहायक अध्यापक थीं, उनके पति अजय शंकर मिश्र जिला न्यायालय में स्टोनो पद से सेवानिवृत्त हैं। मृतक गीता के परिवार में एक बेटा शिवांश मिश्र है, जो घर पर ही रहकर अकाउंट का काम देखता है। घटना में घायल सुनील गोयल जल निगम में अकाउंट अनुभाग में कर्मचारी थे। वह सेवानिवृत्त हो चुके हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंच सिविल लाइन थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि गीता मिश्रा के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उधर, हादसे में शामिल धामपुर डिपो की रोडवेज बस को लाकर थाने में खड़ा कराया गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में घटना के अन्य कारण की जांच की जा रही है।

## राकेश शर्मा नाम के व्यक्ति ने इस्लाम कबूल किया, नाम रखा शम्स रियाज; इंस्टाग्राम पर पोस्टर वायरल

मुरादाबाद- आठ दिन से जनपद के व्हाट्सएप ग्रुपों में पोस्ट वायरल हो रही है। ये पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर की गई थी। वायरल पोस्ट में दावा किया गया है कि अमरोहा के राकेश शर्मा ने इस्लाम कबूल किया और अपना नाम शम्स रियाज रखा है।इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर वायरल हो रही है। जिसमें दावा किया जा रहा है राकेश शर्मा नाम के व्यक्ति ने इस्लाम कबूल करके अपना नाम शम्स रियाज रखा है। वायरल पोस्ट में राकेश शर्मा के एक वरिष्ठ सरकारी पद पर तैनात होने की बात कही गई है। वायरल पोस्ट के आधार पर पुलिस और खुफिया तंत्र सक्रिय हो गया है।पिछले आठ दिन से जनपद के व्हाट्सएप ग्रुपों में एक पोस्ट वायरल हो रही है। ये पोस्ट इंस्टाग्राम पर शेयर की गई थी। वायरल पोस्ट में दावा किया गया है कि अमरोहा के राकेश शर्मा ने इस्लाम कबूल किया और अपना नाम शम्स रियाज रखा है। आगे लिखा कि इस मौके पर लोगों ने उनका नोटों की माला पहनकर स्वागत किया। राकेश शर्मा एक वरिष्ठ सरकारी पद पर थे। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मेरा दूसरा जन्म हुआ है, मुबारक हो भाई को...। सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रही पोस्ट को देखकर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के होश उड़े हैं। खुफिया तंत्र सक्रिय हो गया है। हालांकि यह भी दावा किया जा रहा है कि जिस व्यक्ति को राकेश शर्मा बता कर पोस्ट वायरल की जा रही है, वह मुस्लिम ही है। लेकिन, उसके दोस्तों ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके उसके साथ मजाक किया था। लेकिन, अब ये पोस्ट लगातार वायरल हो रही है। धर्म परिवर्तन से जुड़ी पोस्ट देखकर हिंदू संगठन से जुड़े पदाधिकारियों में रोष व्याप्त है। उन्होंने मामले में सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि वायरल पोस्ट की जांच की जा रही है। अगर किसी ने धर्म परिवर्तन से जुड़े पोस्टर वायरल करके मजाक भी किया है तो उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## मास्टर प्लान 2031 का इंतजार खत्म, सीएम योगी के सामने होगी प्रस्तुति, शहर का सुनियोजित होगा विकास

मुरादाबाद के लिए बनी महायोजना-2031 जल्द पास हो सकती है। इसे एमडीए ने तैयार कर शासन को भेजा था। अधिकारियों के अनुसार यह योजना मुख्यमंत्री के सामने जल्द रखी जाएगी।करीब तीन साल देर से बनी महायोजना-2031 अब जल्द पास हो सकती है। एमडीए द्वारा तैयार कर एक साल पहले शासन भेजी गई यह महायोजना तकनीकी समिति से पास होने के बाद करीब छह माह से अटकी है। 10 या 11 जून को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने योजना की प्रस्तुति होगी।? शासन से इसके संकेत मिलने के बाद वीसी शैलेष कुमार ने इसकी तैयारी कर ली है। माना जा रहा है कि इस प्रस्तुति के कुछ दिन बाद महायोजना पास हो जाएगी। शहर के सुनियोजित विकास के लिए विकास प्राधिकरण अगले 10 साल के लिए महायोजना बनाता है। जिसमें विभिन्न भू-उपयोग के साथ ग्रीन बेल्ट का क्षेत्र भी आरक्षित किया जाता है। पिछले मास्टर प्लान ( महायोजना )-2021 के समाप्त होने से पहले ही अगले दस साल के सुनियोजित विकास के लिए मास्टर प्लान-2031 बन जाना चाहिए था। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। करीब तीन साल पहले महायोजना तैयार करने की शुरू हुई प्रक्रिया बीच में कोरोना काल और आपसी टकराव के कारण बाधित रही। तीन जनवरी 2022 को बोर्ड की मंजूरी मिलने के बाद आपत्ति, सुझाव मांगे जाने से गतिविधियों ने तेजी पकड़ी। 15 मार्च 2022 को सार्वजनिक सूचना निर्गत कर आपत्तियां मांगी गई थीं। जिसमें कुल 285 आपत्तियां आई थीं। 25 मार्च से 24 अप्रैल तक आपत्तियों और सुझावों पर सुनवाई हुई। उसके बाद तिथि बढ़ा कर सात मई 2022 कर दी गई। तत्कालीन उपाध्यक्ष मधुसूदन हुल्गी और कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह के बीच कुछ बिंदुओं पर सहमति नहीं बन पाने के कारण इसे बोर्ड की बैठक में नहीं रखा जा सका। बाद में हुल्गी का स्थानांतरण हो जाने और नए उपाध्यक्ष शैलेष कुमार के चार्ज लेने पर पुन: आपत्तियां आमंत्रित कर सुनवाई की गई। कुल प्राप्त 410 आपत्तियों पर सुनवाई एक नवंबर से पांच नवंबर 2022 तक की गई थी। सीएम के सामने महायोजना की प्रस्तुति होने ही वाली थी कि आचार संहिता लग गई। इसके कारण महायोजना फिर लटक गई। दो दिन पहले ही शासन के एक उच्चाधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान वीसी शैलेष कुमार को महायोजना के सीएम के सामने प्रस्तुति देने के लिए तैयार रहने को कहा है। यह भी बताया गया है कि यह प्रस्तुति 10 या 11 जून को हो सकती है। महायोजना-2031 में खास शहर के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए 200 एकड़ में शिल्पग्राम की रहेगी व्यवस्था।

## रामगंगा विहार कालोनी में अधूरे निर्माण कार्य से लोगों को आवागमन में दिक्कत





√ लंबा चक्कर लगाकर लोग पहुंच रहे अपने घर, दो साल से चल रहा निर्माण कार्य, सीवरेज पाइपलाइन डालने के कार्य में सुस्ती पर नाराजगी जता चुके हैं जनप्रतिनिधि और अधिकारी

मुरादाबाद- महानगर के रामगंगा विहार कॉलोनी में जल निगम की ओर चल रहे सीवरेज पाइप लाइन बिछाने के कार्य में सुस्ती नागरिकों पर भारी पड़ रही है। लोगों के घरों के आगे सड़क टूटी होने और गड्डों से आवागमन में परेशानी हो रही है। स्पोर्ट्स स्टेडियम वाली मुख्य सड़क के एक तरफ दो साल से चल रहा काम अभी तक पूरा नहीं हो पाया है।रामगंगा विहार कॉलोनी में इन दिनों हर तरफ सड़क खोदाई के कार्य से लोगों को परेशानी हो रही है। रामगंगा विहार कॉलोनी के पुलिस चौकी के पास चौराहे के आसपास एक साल से काम चल रहा है। इससे आवाजाही प्रभावित होने के साथ ही दुकानदारों को भी नुकसान हो रहा है। सेल्स टैक्स कार्यालय के आसपास कार्य के चलते लोगों को घूम कर अपने घरों में पहुंचना पड़ रहा है। कई गलियों में चार पहिया वाहन न पहुंचने से दूसरों के दरवाजे पर लोग वाहन खड़ा कर रहे हैं। खोदाई के कार्य में कई जगह पेयजल पाइप लाइन आए दिन टूट रही है। जिससे भीषण गर्मी में लोगों को पानी की किल्लत भी हो रही है।अधिवक्ता प्रदीप सक्सेना का कहना है कि कॉलोनी में सीवर पाइप लाइन बिछाने के कार्य के चलते जगह-जगह गड्ढे खोद कर छोड़े गए हैं। मधुबनी पार्क से लेकर रामा बुक डिपो तक साईं मंदिर मार्ग और दीनदयाल नगर में सड़कें टूटी हैं। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं सीवरेज पाइप लाइन बिछाने के कार्य में कई जगह पेयजल पाइप लाइन टूटने से जलापूर्ति प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी, नगर आयुक्त व निगम के अन्य अधिकारियों से कई बार इस बारे में कह चुके हैं। स्मार्ट सिटी के काम के नाम पर नागरिकों की समस्या बढ़ गई है। वहीं नगर विधायक रितेश गुप्ता ने भी रामगंगा विहार कॉलोनी, टीडीआई सिटी में काम में शिथिलता पर नाराजगी जताई थी। स्मार्ट सिटी की बैठक में भी कई बार इसका मुद्दा उठ चुका है।

जिस पर नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्था को जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया है। शहर के नाले-नालियां चोक, बारिश में न बन जाएं मुसीबत- बरसात का मौसम आने वाला है और महानगर के नाले-नालियां चोक पड़े हैं। कही ऐसा न हो कि बरसात में लोगों के लिए चोक पड़े नाले-नालियां मुसीबत न बन जाए। नगर निगम प्रशासन की अनदेखी लोगों को भारी पड़ सकती है। महानगर में स्मार्ट सिटी के तहत जगह-जगह विकास कार्य चल रहा है। बरसात में नाले बंद होने के कारण शहर में कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है। कुछ कॉलोनियां तो ऐसी हैं, जहां महीनों बरसात का पानी उचित जल निकासी न होने के कारण भरा रहता है। शहर में कई जगह नालों में कूड़ा इस प्रकार भरा हुआ है कि पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। वहीं कहीं-कहीं तो नालों में घास भी उग आई है जो अगर बरसात से पहले साफ नहीं की गई तो लोगों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। वही साफ-सफाई न होने से आसपास के क्षेत्र में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी है। इन स्थानों पर चोक मिले नाले - सीएल गुप्ता नेत्र संस्थान के पास से होकर गुजर रहा नाला सीधा रामगंगा नदी में गिरता है। इस नाले में रामगंगा विहार के साथ-साथ हरथला कॉलोनी का गंदा पानी भी आता है। वहीं रियाली कम्पाउंड के पास के नाले में सिविल लाइन क्षेत्र की कॉलोनियों का गंदा पानी आता है। यह नाला कूड़े से अटा पड़ा है।

## रामपुर की जीत पर सपाइयों में छिड़ी जुबानी जंग, एसटी हसन बोले- आजम मेरे आदर्श.. पर टिकट भी कटवा दिया

रामपुर लोकसभा सीट पर प्रत्याशी के चयन को लेकर सपा के अंदर खींचतान मच गई है। चुनाव जीतने के बाद यह जंग और तेज हो गई है। सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा, मुरादाबाद सीट से जीतने वाली रुचिवीरा के बाद अब प्रदेश सचिव फिरासत हुसैन गामा ने भी मोहिब्बुल्लाह नदवी के खिलाफ टिप्पणी की है। इससे पार्टी के अंदर सियासत गर्म है। पहले रामपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी के चयन के लिए खींचतान। अब सपा प्रत्याशी मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी की जीत पर सपाई खेमे में जुबानी जंग छिड़ गई है। सपा नेता आजम खां की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा, रुचिवीरा के बाद अब प्रदेश सचिव फिरासत हुसैन गामा ने भी मोहिब्बुल्लाह के खिलाफ टिप्पणी की है।सपा नेताओं की जुबानी जंग के वीडियो खूब वायरल हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी के यन को लेकर रामपुर और मुरादाबाद सीट सुर्खियों में रही। सीतापुर जेल में बंद सपा नेता आजम खां ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को रामपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया था। साथ ही मुरादाबाद सीट से रुचिवीरा को उम्मीदवार बनाने की बात कही थी। अखिलेश यादव ने रामपुर से चुनाव लड़ने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। इसके बाद आजम ने लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का एलान कर दिया। वहीं अखिलेश आजम की रजामंदी के बिना मौलाना मोहिब्बुल्लाह नदवी को रामपुर से उम्मीदवार घोषित कर दिया। हालांकि मुरादाबाद सीट से नामांकन के बाद भी डॉ. एसटी हसन का टिकट काटकर आजम की पसंद रुचिवीरा को प्रत्याशी बनाया गया था। मोहिब्बुल्लाह नदवी रामपुर तो रुचिवीरा मुरादाबाद से चुनाव जीत चुकीं हैं। इसके बाद से सपाइयों में जुबानी जंग छिड़ गई। सपा के प्रदेश सचिव फिरासत हुसैन गामा ने कहा कि आजम खां पार्टी के संस्थापक सदस्य एवं राष्ट्रीय महासचिव हैं। पार्टी के नाम पर ही मौलाना मोहिबुल्लाह रामपुर से चुनाव जीते हैं। आजम खां पर टिप्पणी करने की उनकी हैसियत नहीं है। आजम खां के खिलाफ एक भी अपशब्द बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे पहले चुनाव जीतने के बाद आजम खां से मुलाकात के सवाल पर मौलाना मोहिब्बुल्लाह ने कहा था कि जेल मत कहिए सुधार गृह कहिए। मैं उनके लिए दुआ करुंगा। इसके जवाब में आजम की पत्नी डॉ. तजीन फात्मा ने कहा था कि मोहिब्बुल्लाह को जेल जाने का काफी अनुभव है। वहीं रुचिवीरा ने मौलाना मोहिब्बुल्लाह को राजनीति में अपरिपक्व बताया था। आजम मुश्किल दौर से गुजर रहे- डॉ. एसटी हसन डॉ. एसटी हसन ने कहा कि आजम खां उनके आइडियल हैं। हमने आजम खां से बहुत कुछ सीखा है लेकिन उन्होंने ही मेरा सांसद का टिकट कटवा दिया था। बड़ों का सम्मान करना हमारा संस्कार है। वो वर्तमान समय में मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। उनके खिलाफ भाजपा सरकार ने झूठा मुकदमा दर्ज कराया है। ऊपर वाले से मदद की दुआ करते हैं कि शीघ्र वे जेल से बाहर निकलें।




### संक्षिप्त समाचार

## मुरादाबाद में पत्नियों की अदला-बदली, डीआईजी से शिकायत के बाद दो भाइयों समेत तीन पर रिपोर्ट दर्ज

मुरादाबाद- डिलारी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पति और जेठ के खिलाफ पत्नी की अदला-बदली करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उसकी जेठानी भी इसमें शामिल है। करीब एक माह तक कार्रवाई न होने पर महिला ने डीआईजी से कार्रवाई की मांग की। डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने महिला के पति, जेठ और जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।महिला ने डीआईजी को प्रार्थना पत्र सौंपा कर कहा कि 11 जून 2020 को उसका निकाह हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही जेठ ने उसके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। जेठ नशे की दवाएं खिला दुष्कर्म करने लगा। जिसका विरोध करने पर दोनों भाई मारपीट करते थे। पीड़िता ने डीआईजी के समक्ष पेश होकर लिखित प्रार्थना पत्र में बताया है कि पति ने भाभी से संबंध बना लिए और जेठ ने मेरे साथ दुष्कर्म किया। इसी दौरान महिला गर्भवती हुई तो गर्भपात करा दिया। आरोप है कि जब वह कमरे में सो रही थी। तभी पति ने हाथ पकड़े, जेठानी ने मुंह में कपड़ा ठूसा और जेठ ने दुष्कर्म किया। पीड़िता शिकायत लेकर थाना पहुंची। जहां सुनवाई नहीं होने पर डीआईजी से न्याय की गुहार लगाई। अब डीआईजी के आदेश पर पुलिस ने महिला के पति, जेठ व जेठानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## TMU में BBA छात्र ने किया सुसाइड, बॉयज हॉस्टल के कमरे में लटका मिला शव...प्रेमिका से हुई थी नोकझोंक?






मुरादाबाद- थाना पाकबड़ा इलाके के दिल्ली रोड स्थित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के बॉयज हॉस्टल के कमरे में बीबीए थर्ड ईयर के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आगरा के रहने वाले 28 वर्षीय अक्षत जैन ने इसी साल टीएमयू से बीबीए थर्ड ईयर पास आउट किया था। रविवार सुबह हॉस्टल के कमरे में छात्र का शव फंदे पर लटका हुआ मिला।घटना की सूचना टीएमयू प्रशासन ने पुलिस को दी। मौके पर फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। मूल रूप से आगरा निवासी अक्षत जैन को आज अपने घर आगरा जाना था। लेकिन, सुबह घर जाने से पहले अक्षत ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। फोरेंसिक टीम ने मौके पर आकर साक्ष्य एकत्र किए हैं। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पता चला है मृतक छात्र का किसी युवती से प्रेम संबंध था। छात्रा और अक्षत के बीच किसी बात को लेकर निकझोंक हुई थी। उसी के चलते उसने आत्महत्या की है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

### क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# कौशांबी के पश्चिम शरीरा थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह के बोल, अतीक को ठीक करके आया हूं, तुम क्या चीज

एक मकान का दरवाजा मंदिर की तरफ खुलने पर भड़के विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम शरीरा थाने का घेराव कर लिया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थाने पहुंचे और थानाध्यक्ष पर



कार्रवाई का दबाव बनाने लगे। इसको लेकर एसओ और कार्यकर्ताओं में जमकर नोकझोंक हुई।पश्चिम शरीरा थाने में रविवार को विहिप-बजरंग कार्यकर्ताओं और थानाध्यक्ष के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। इस मामले में वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। उग्र प्रदर्शन कर रहे विहिप कार्यकर्ताओं से थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने कहा कि अतीक अहमद को ठीक करके आया हूं तू क्या चीज हो। एक मकान का दरवाजा मंदिर की तरफ खुलने पर भड़के विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम शरीरा थाने का घेराव कर लिया। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता थाने पहुंचे और थानाध्यक्ष पर कार्रवाई का दबाव बनाने लगे। इसको लेकर एसओ और कार्यकर्ताओं में जमकर नोकझोंक हुई। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें थानाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह यह कहते हुए सुने जा रहे हैं कि अतीक को ठीक करके आया हूं, तुम क्या चीज हो। इसके बाद भी दोनों तरफ से झड़प होती रही और विहिप के लोग थाने में ही धरने पर बैठ गए। बाद में पहुंचे सीओ ने किसी तरह से समझा बुझाकर मामला शांत किया। विहिप कार्यकर्ताओं का थाने में करीब पांच घंटे तक प्रदर्शन चला। बता दें कि धीरेंद्र सिंह पहले प्रयागराज में ही तैनात थे. कुच समय पहले ही उनका स्थानांतरण कौशाम्बी जिले में हुआ है। वह विहिप कार्यकर्ताओं को दबाव में लेने के लिए जिस तरह की बात कह रहे हैं वह सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# हैवानियत की हदें पार: किशोरी से किया दुष्कर्म, चाऊमीन खिलाने के बहाने ले गया था लोडर चालक

यूपी के कानपुर में किशोरी से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। चाऊमीन खिलाने के बहाने साथ ले जाकर पड़ोसी लोडर चालक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। कानपुर के गोविंदनगर थानाक्षेत्र में एक लोडर चालक ने पड़ोस में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म किया। गोविंदनगर क्षेत्र निवासी दंपती फैक्टरी में मजदूरी करते हैं। 17 वर्षीय बेटी व छोटा बेटा घर में रहते हैं। किशोरी की मां ने बताया कि शनिवार शाम जब वह घर पहुंची तो बेटी नहीं थी। बेटे से पता चला कि सुबह 10 बजे लोडर चालक रोहित यादव घर आया और बहन को चाऊमीन खिलाने के बहाने साथ ले गया।रात करीब दस बजे रोहित ने फोन कर सब्जी मंडी बुलाया। वहां किशोरी बेहोशी की हालत में लोडर में पड़ी थी। होश में आने के बाद किशोरी ने बताया कि रोहित उसे लोडर में बैठाकर लखनऊ की तरफ ले गया था। रास्ते में नशीला जूस पिलाकर गलत काम किया है। गोविंदनगर इंस्पेक्टर प्रशांत मिश्र ने बताया कि आरोपी लोडर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# रात को कमरे में अकेले थी भाभी, दबे पांव पहुंचा देवर; करने लगा ऐसी हरकत... सुनकर लोग हो गए शर्मसार

उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में देवर ने भाभी से छेड़खानी कर दी। महिला की तहरीर पर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़िता की शिकायत पर सीओ सिटी ने कोतवाली प्रभारी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद रिपोर्ट दर्ज हो सकी। पीड़िता मूल रूप से फर्रुखाबाद के नबाबगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली है। रात को कमरे में भाभी को अकेला देखकर देवर पहुंच गया। वह गंदी हरकतें करने लगा। चीखने पर आसपास के लोग घरों से बाहर आ गए। इस पर आरोपी भाग निकला। पीड़िता की शादी पांच जुलाई 2018 को शहर कोतवाली क्षेत्र के श्रृंगार नगर मोहल्ले में हुई है। उसने बताया कि ससुराल के लोग शादी के बाद से उसको परेशान कर रहे हैं। पति, सास, ससुर, ननद और देवर मारते पीटते हैं। उसका देवर बुरी निगाह रखता है। शिकायत करने पर पति भी अपने भाई का साथ देता है। बताया कि आठ जून की रात वह अपने कमरे में थी। तभी देवर उसके कमरे में आ गया। उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। उसके शोर मचाने पर मोहल्ले के लोग घरों से बाहर आ गए। लोगों को आता देख वह भाग गया। ससुराल के लोगों ने उसको पीटा और गालियां दीं। जान से मारने की धमकी देकर रात में ही घर से निकाल दिया। पीड़िता अपने पिता के साथ रविवार की सुबह रिपोर्ट दर्ज कराने कोतवाली पहुंची। यहां पुलिस ने रिपोर्ट नहीं लिखी। कोतवाली प्रभारी ने तहरीर बदलने पर ही रिपोर्ट दर्ज करने की बात कही। उसने तहरीर से देवर का नाम निकालने से मना किया तो उसको कोतवाली से अपमानित करके भगा दिया गया। पीड़िता ने सीओ सिटी कार्यालय पहुंचकर सीओ सिटी से शिकायत की। सीओ सिटी ने कोतवाली प्रभारी को रिपोर्ट करने के निर्देश दिए। इसके बाद ही पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति, सास, ससुर, ननद और देवर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सक्षम सूरजपुर अभियान अंतर्गत डिजिटल साक्षरता हेतु डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन( डिजिटल बस ) को कलेक्टर ने दिखाई हरी झंडी

क्यूँ न लिखूँ सच

छत्तीसगढ़ राज्य अतंर्गत जिला सूरजपुर प्रथम जिला, जहां डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन ( डिजिटल बस ) लगाएगी दौड़ 06 माह में 1000 प्रशिक्षार्थी प्रौद्योगिकी या कंप्यूटर से संबंधित तकनीकी ज्ञान से होंगे शिक्षित - डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन द्वारा डिजिटल बैंकिंग से लेकर साइबर सिक्योरिटी की मिलेगी शिक्षा सोलर पैनल व हाईटेक इलेक्ट्रॉनिक डिवाईस से लैस है डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन सक्षम सूरजपुर अभियान अंतर्गत जिला प्रशासन सूरजपुर ने एक अभिनव पहल करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी व कंप्यूटर साक्षरता दर बढ़ाने हेतु डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन ( डिजिटल बस ) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। 20 कंप्युटर से लैस यह डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन ( डिजिटल बस ) की ख़ासियत यह रहेगी कि ये लोगों के बीच पहुंचकर उन्हें कंप्यूटर और डिजिटल माध्यम से संबंधित बुनियादी शिक्षा से परिचित




क्रांति का हिस्सा बनेंगे। संचालित तथा इंडस टावर पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति ट्रांसफॉर्मेशन वेन व पर कलेक्टर श्री रोहित व्यास लर्निंग का युग बताते हुए चलने के लिए प्रेरित किया। के माध्यम से जिलेवासियों गांव-गांव तक जाने वाली लोग लाभांवित हो सकें और बन सकें। पीएम-दिशा जिला सूरजपुर में सक्षम ( डिजिटल बस ) के माध्यम लोगों को डिजिटल आयु वर्ग के लोगों का और साइबर सिक्योरिटी में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने

करवायेगी। जिससे जुड़ कर अभ्यर्थी व आमजन डिजिटल डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन एन.आई.आई.टी. फाउंडेशन द्वारा द्वारा वित्त पोषित है। इसके सदस्यों द्वारा आज कोर्स के लिये में जिला संयुक्त कार्यालय के सभा कक्ष में डिजिटल कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर ने आज के समय को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन उपस्थित बच्चों को समय के साथ कदम से कदम मिलाकर इसके साथ ही उन्होने उपस्थित जनों और मीडिया साथियों को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन से जुड़ने की अपील की ताकि इस डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा सूचना प्रौद्योगिकी, कम्पयूटर व डिजिटल शिक्षा का हिस्सा ( प्रधानमंत्री डिजिटल साक्षरता अभियान ) से प्रेरणा लेकर सूरजपुर अभियान अंतर्गत डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन से दूरस्थ ग्राम अंचलों में 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के साक्षरता प्रदान किया जायेगा। जिसमें युवा से लेकर अन्य पंजीयन कर उन्हें डिजिटल साक्षरता, बेसिक आईटी शिक्षा सर्टिफिकेट कोर्स कराए जाएंगें। इसके साथ ही कोर्स को वाले अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र भी दिया जायेगा। प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार छ.ग. राज्य अंतर्गत जिला सूरजपुर प्रथम जिला है जहां डिजिटल बस चलेगी, जो की पूर्ण रूप से नि:शुल्क होगी। उन्होंने आगे बताया कि डिजिटल बस में 20 कम्प्यूटर सिस्टम लगे हुए है। जिससे एक ही समय में 20 अभ्यर्थियों को एक साथ डिजिटल शिक्षा का लाभ दिया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सूरजपुर जिले के अतंर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रतिमाह 07 से 08 स्थानों को चिन्हित कर डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन के माध्यम से लगभग 150 से 160 अभ्यर्थियों को डिजिटल साक्षरता से जोड़ने का प्रयास संस्था द्वारा किया जायेगा। यह डिजिटल बस पंजीकृत अभ्यर्थियों के लिए सोमवार से शुक्रवार तक चलेगी। इसके साथ ही शनिवार व रविवार के दिन सामूहिक साक्षरता के माध्यम से भी डिजिटल साक्षरता अभियान चलाया जाएगा। सूरजपुर जिले में 06 माह की अवधि तक डिजिटल बस अपनी सेवा देगी, जिसमें लगभग 1000 लोग डिजिटल साक्षरता अभियान से जुड़कर लाभान्वित होंगें। प्राप्त जानकारी के अनुसार 40 बच्चों का पंजीयन हो चुका है। जिनसे दो बैंच निर्मित किये गए है। शुरूआती रूट चार्ट अतंर्गत सूरजपुर जिले अतंर्गत में कोट, आमगांव, पटना, पस्ता, सोनपुर में डिजिटल बस चलेगी, जिसका दायरा समय अनुसार बढ़ता जायेगा। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन ( डिजिटल बस ) द्वारा डिजिटल बैंकिंग से लेकर साईबर सिक्योरिटी की मिलेगी शिक्षा- सक्षम सूरजपुर अतंर्गत चलने वाली यह डिजिटल बस मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रवासियों को सूचना प्रौद्योगिकी या कम्प्यूटर से संबंधित तकनीकी ज्ञान से अवगत कराते हुए साक्षर बनाएगी। डिजिटल साक्षरता के अतंर्गत अभ्यर्थियों को डिजिटल बैकिंग, इन्टरनेट ब्राउजिंग, ईमेल का उपयोग, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, माइक्रोसॉफ्ट एक्सेल और बढ़ते हुये साइबर फ्रॉड से बचने के लिए साइबर सिक्योरिटी के बारे में भी शिक्षा दी जाएगी। सोलर पैनल व हाईटेक इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस से लैस है डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन ( डिजिटल बस ) - डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वेन( डिजिटल बस ) में कुल 20 कंप्यूटर सिस्टम लगे हैं, जिसके माध्यम से एक ही समय में 20 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षार्थियों को निर्बाध सेवा प्राप्त हो इसके लिए डिजिटल बस में कंप्यूटर सिस्टम के साथ-साथ एलईडी टीवी, डिजिटल बोर्ड, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के निर्बाध संचालन के लिए जनरेटर व सोलर पैनल भी स्थापित है। इसके साथ ही बस का प्रशिक्षण कक्ष वातानुकूलित है। बस में एक एलईडी टीवी बाहर की ओर लगा है, जिसका उपयोग सामूहिक साक्षरता कार्यक्रम के लिए किया जायेगा। आज के कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदनी साहू, श्री अनुराग सक्सेना ( इंडस टावर एचआर हेड ), श्री मनोज कुमार सिंह ( इंडस टावर एरिया मैनेजर ), श्री जितेन्द्र राठौर ( एनआईआईटी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर ), बादल गोस्वामी एवं अभिषेक पाण्डेय व अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### पुलिसकर्मियों ने बजरंग दल कार्यकर्ता से की अभद्रता, हंगामा

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ के थाना सासनी गेट में दरोगा और पुलिसकर्मी ने बजरंग दल के कार्यकर्ता के साथ अभद्रता कर दी। जानकारी होने पर पूर्व मेयर व सैकड़ो कार्यकर्ता थाने पहुंच गए । उन्होंने घटना के विरोध में नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता थाने में धरने पर बैठ गए। बाद में दारोगा के माफी मांगने पर मामला शांत हुआ।बता दें कि लूट के मामले में बजरंग दल के कार्यकर्ता को थाना सासनीगेट पुलिस ले आई थी। इसकी सूचना बजरंग दल के महानगर सुरक्षा प्रमुख देव सोनी को हुई । जिस पर वह जानकारी करने थाने पहुंच गए। आरोप है कि थाने में मौजूद एक सिपाही और दरोगा ने उनसे आने का कारण पूछा । उनके साथ धक्का मुक्की करते हुए अभद्रता कर दी। उधर, बजरंग दल कार्यकर्ता के साथ पुलिस द्वारा अभद्रता करने की जानकारी होने पर भाजपा नेत्री और पूर्व में शकुंतला भारती के अलावा कार्यकर्ता थाने पहुंच गए। थाने पहुंचे कार्यकर्ताओं ने घटना के विरोध में नारेबाजी प्रदर्शन करते हुए धरना शुरू कर दिया। बाद में दरोगा व पुलिसकर्मियों द्वारा माफी मांगने और भविष्य में फिर ऐसी गलती न करने का आश्वासन देने पर मामला शांत हो गया। सीओ प्रथम अभय पांडे ने बताया कि कुछ लोग थाने पर एकत्रित होकर आ गए थे। जिनके द्वारा पुलिसकर्मियों पर अभद्रता का आरोप लगाया गया। ऐसा कुछ नहीं है। मामला शांत हो गया है, उनके द्वारा कहा गया है कि कार्यकर्ता का सम्मान होना चाहिए तो हमारी तरफ से भी जो उनके नेता आए थे उनको कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए पूर्ण आश्वासन दिया गया है।

### बेटे के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने की दी चेतावनी

